(c) अफगानिस्तान

(d) सोमालिया

96. Who among the following is the Chairman of the Interdisciplinary Committee constituted recently by the Government of India to examine framework for virtual currencies ?

(a) Secretary, Department of Financial Services

(b) Special Secretary, Department of Revenue

(c) Special Secretary, Department of Economic Affairs

(d) Deputy Governor, Reserve Bank of India

97. SAMPADA scheme is being implemented by the Ministry of

(a) Finance

(b) Housing and Urban Affairs

(c) Food Processing Industries

(d) Earth Sciences

98. The shortest day length that occurs in the Northern hemisphere is on

(a) $21^{st}$ March

(b) $23^{rd}$ September

(c) $22^{nd}$ November

(d) $22^{nd}$ December

99. The Indian Railways have gone in for qualitative improvements since independence. Which of the following have taken place in recent years ?

1. Gauge conversion
2. Track electrification
3. Automatic signals

Select the correct answer using the codes given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

100. In India, maximum amount of rainfall is received from

(a) Western Disturbances

(b) North-east Monsoon

(c) South-west Monsoon

(d) Retreating Monsoon

101. Which set of the following biosphere reserves in India is included in the World Network of Biosphere Reserves ?

(a) Gulf of Mannar, Nokrek, Panchmarhi and Simlipal

(b) Gulf of Mannar, Kanchanjunga, Nokrek and Seshachalam

(c) Nilgiri, Nokrek, Panchmarhi and Panna

(d) Nilgiri, Nokrek, Panchmarhi and Seshachalam

102. Which of the following statements about magnetite ore of iron is/are correct ?

1. It is known as black ore.
2. It contains 60% to 70% of pure iron.
3. It possesses magnetic properties.

Select the correct answer using the codes given below :

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

96. आभासी मुद्राओं के लिए ढाँचे की जाँच करने हेतु भारत सरकार द्वारा हाल ही में गठित की गई अंतर-अनुशासनिक (अंतर्विषयक) समिति का अध्यक्ष, निम्नलिखित में से कौन है ?

(a) सचिव, वित्तीय सेवा विभाग

(b) विशेष सचिव, राजस्व विभाग

(c) विशेष सचिव, आर्थिक कार्य विभाग

(d) डिप्टी गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक

97. SAMPADA (संपदा) स्कीम, किस मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही है ?

(a) वित्त मंत्रालय

(b) आवास और शहरी कार्य मंत्रालय

(c) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

(d) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

98. उत्तरी गोलार्ध में अल्पतम दिवस लम्बाई (सबसे छोटा दिन) कब होती है ?

(a) 21 मार्च को

(b) 23 सितम्बर को

(c) 22 नवम्बर को

(d) 22 दिसम्बर को

99. स्वतंत्रता के बाद से भारतीय रेलवे ने बहुत से गुणात्मक सुधार किए हैं । हाल ही के वर्षों में, निम्नलिखित में से कौन-से सुधार हुए हैं ?

1. गेज परिवर्तन
2. पथ (ट्रेक) विद्युतीकरण
3. स्वचालित (ऑटोमैटिक) सिग्नल

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

100. भारत में, वर्षा की अधिकतम मात्रा किससे प्राप्त होती है ?

(a) पश्चिमी विक्षोभों से

(b) उत्तर-पूर्व मानसून से

(c) दक्षिण-पश्चिम मानसून से

(d) पीछे हट रहे मानसून से

101. भारत के जीवमंडल रिज़र्व का निम्नलिखित में से कौन-सा समुच्चय, जीवमंडल रिज़र्व के विश्व नेटवर्क में शामिल किया गया है ?

(a) मन्नार की खाड़ी, नोकरेक, पंचमढ़ी और सिमलिपाल

(b) मन्नार की खाड़ी, कंचनजंगा, नोकरेक और शेषचलम

(c) नीलगिरी, नोकरेक, पंचमढ़ी और पन्ना

(d) नीलगिरी, नोकरेक, पंचमढ़ी और शेषचलम

102. लोहे के मैग्नेटाइट अयस्क के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. इसे काले अयस्क के रूप में जाना जाता है ।
2. इसमें 60% से 70% तक शुद्ध लोहा होता है ।
3. इसमें चुम्बकीय गुण होते हैं ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**103.** Which one of the following vitamins has a role in blood clotting ?

(a) Vitamin A

(b) Vitamin D

(c) Vitamin E

(d) Vitamin K

**104.** The term 'Probiotic' is applied to

(a) Organic food

(b) Antacid

(c) Antibiotic

(d) Live microbial food supplement

**105.** Which one of the following microbes causes acidification and curding of milk ?

(a) Lactic Acid *Bacillus*

(b) *Clostridium botulinum*

(c) *Vibrio cholerae*

(d) *Saccharomyces cerevisiae*

**106.** Who among the following shared the Nobel Prize in 1962 along with Francis Crick and James Watson for their discoveries concerning the molecular structure of nucleic acids ?

(a) Erwin Chargaff

(b) Maurice Hugh Frederick Wilkins

(c) Rosalind Franklin

(d) Phoebus Levene

**107.** Water boils at a lower temperature at high altitudes, because

(a) the air pressure is less

(b) outside temperature is less

(c) latent heat is less

(d) None of the above

**108.** Concave mirror is used in headlights of vehicles, because it

(a) focuses light from the bulb onto nearby vehicles

(b) sends parallel rays

(c) fits well into the shape of the headlight

(d) is cheaper than other mirrors

**109.** If some object is weighed when submerged in water, what will happen to its weight compared to its weight in air ?

(a) Increase

(b) Decrease

(c) Remain exactly the same

(d) Increase or decrease cannot be predicted

**110.** Light year is a measure of

(a) time

(b) distance

(c) total amount of light falling on the Earth in a year

(d) average intensity of light falling on the Earth in a year

**103.** रक्त आतंचन (थक्का बनने) में, निम्नलिखित में से किस विटामिन की भूमिका होती है ?

(a) विटामिन A

(b) विटामिन D

(c) विटामिन E

(d) विटामिन K

**104.** 'प्रोबायोटिक' पद, किसके लिए प्रयुक्त किया जाता है ?

(a) जैविक खाद्य

(b) ऐन्टैसिड

(c) ऐन्टिबायोटिक

(d) सजीव सूक्ष्मजीवी खाद्य संपूरक

**105.** निम्नलिखित में से कौन-सा सूक्ष्म-जीव, दूध के दही बनने और अम्लीकरण का कारण बनता है ?

(a) लैक्टिक अम्ल *बैसिलस*

(b) *क्लॉस्ट्रिडियम बॉटुलिनम*

(c) *विब्रियो कोलेरी* (हैजे के जीवाणु)

(d) *सैकैरोमाइसीज सेरेविसी*

**106.** न्यूक्लीक अम्लों की आण्विक संरचना से संबंधित शोध के लिए फ्रांसिस क्रिक और जेम्स वाटसन के साथ 1962 के नोबेल पुरस्कार का भागीदार, निम्नलिखित में से कौन था ?

(a) इर्विन चारगफ

(b) मौरिस ह्यूग फ्रेडरिक विल्किंस

(c) रोसालिंड फ्रेंकलिन

(d) फोबस लेवेने

**107.** अधिक ऊँचाई पर जल अपेक्षाकृत कम तापमान पर उबलता है, क्योंकि

(a) वायु दाब कम होता है

(b) बाहर का तापमान कम होता है

(c) गुप्त ऊष्मा कम होती है

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**108.** वाहनों के अग्रदीपों (हेडलाइटों) में अवतल दर्पण प्रयुक्त किया जाता है, क्योंकि यह

(a) बल्ब से आने वाले प्रकाश को आसपास के वाहनों पर केन्द्रित करता है

(b) समानान्तर किरणें भेजता है

(c) हेडलाइट के आकार में अच्छी तरह फिट हो जाता है

(d) अन्य दर्पणों की तुलना में सस्ता है

**109.** यदि किसी वस्तु को पानी में डूबी हुई अवस्था में तोला जाए, तो हवा में लिए गए भार की तुलना में उसके भार पर क्या प्रभाव होगा ?

(a) वृद्धि होगी

(b) कमी होगी

(c) एकदम वही (एकसमान) बना रहेगा

(d) वृद्धि अथवा कमी का पूर्वानुमान नहीं किया जा सकता

**110.** प्रकाश वर्ष (लाइट ईयर) किसका माप है ?

(a) समय

(b) दूरी

(c) एक वर्ष में पृथ्वी पर पड़ने वाले प्रकाश की कुल मात्रा

(d) एक वर्ष में पृथ्वी पर पड़ने वाले प्रकाश की औसत तीव्रता

**111.** Which one of the following statements about a satellite orbiting around the Earth is correct ?

(a) Satellite is kept in orbit by remote control from ground station.

(b) Satellite is kept in orbit by retro-rocket and solar energy keeps it moving around the Earth.

(c) Satellite requires energy from solar panels and solid fuels for orbiting.

(d) Satellite does not require any energy for orbiting.

**112.** Which one of the following statements about energy is correct ?

(a) Energy can be created as well as destroyed.

(b) Energy can be created but not destroyed.

(c) Energy can neither be created nor destroyed.

(d) Energy cannot be created but can be destroyed.

**113.** Step-up transformers are used for

(a) increasing electrical power

(b) decreasing electrical power

(c) decreasing voltage

(d) increasing voltage

**114.** Which one among the following waves carries the maximum energy per photon ?

(a) X-rays

(b) Radio waves

(c) Light waves

(d) Microwaves

**115.** How much $CO_2$ is produced on heating of 1 kg of carbon ?

(a) $\frac{11}{3}$ kg

(b) $\frac{3}{11}$ kg

(c) $\frac{4}{3}$ kg

(d) $\frac{3}{4}$ kg

**116.** Zinc is used to protect iron from corrosion because zinc is

(a) more electropositive than iron

(b) cheaper than iron

(c) a bluish white metal

(d) a good conductor of heat and electricity

111. पृथ्वी के चारों ओर परिक्रमा-पथ में घूम रहे एक उपग्रह के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) उपग्रह को भूमि स्टेशन (केन्द्र) से दूरस्थ नियंत्रण (रिमोट कन्ट्रोल) द्वारा परिक्रमा-पथ में रखा जाता है ।

(b) उपग्रह को पश्चगतिक रॉकेट द्वारा परिक्रमा-पथ में रखा जाता है और सौर ऊर्जा इसे पृथ्वी के चारों ओर चलायमान रखती है ।

(c) परिक्रमा-पथ में घूमने के लिए उपग्रह को, सौर पट्टिकाओं और ठोस ईंधनों से ऊर्जा मिलती है ।

(d) परिक्रमा-पथ में घूमने के लिए उपग्रह को किसी ऊर्जा की आवश्यकता नहीं होती है ।

112. ऊर्जा के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) ऊर्जा उत्पन्न की जा सकती है और नष्ट भी की जा सकती है ।

(b) ऊर्जा उत्पन्न की जा सकती है किन्तु नष्ट नहीं की जा सकती ।

(c) ऊर्जा न तो उत्पन्न की जा सकती है और न ही नष्ट की जा सकती है ।

(d) ऊर्जा उत्पन्न नहीं की जा सकती है किन्तु नष्ट की जा सकती है ।

113. उच्चायी ट्रान्सफ़ॉर्मरों का प्रयोग किस लिए किया जाता है ?

(a) विद्युत्-शक्ति बढ़ाने के लिए

(b) विद्युत्-शक्ति कम करने के लिए

(c) वोल्टता कम करने के लिए

(d) वोल्टता बढ़ाने के लिए

114. निम्नलिखित में से कौन-सी तरंग प्रति फ़ोटॉन अधिकतम ऊर्जा ले जाती है ?

(a) X-किरणें

(b) रेडियो तरंगें

(c) प्रकाश तरंगें

(d) सूक्ष्म-तरंगें

115. तापन पर 1 kg कार्बन $CO_2$ की कितनी मात्रा उत्पन्न करता है ?

(a) $\frac{11}{3}$ kg

(b) $\frac{3}{11}$ kg

(c) $\frac{4}{3}$ kg

(d) $\frac{3}{4}$ kg

116. लोहे को संक्षारित होने से बचाने के लिए जस्ता (ज़िंक) का प्रयोग किया जाता है, क्योंकि जस्ता

(a) लोहे की तुलना में अधिक धन-विद्युती है

(b) लोहे से सस्ता है

(c) नीलाभ सफ़ेद धातु है

(d) ऊष्मा और विद्युत् का एक अच्छा चालक है

**117.** Which one of the following gases is placed second in respect of abundance in the Earth's atmosphere ?

(a) Oxygen

(b) Hydrogen

(c) Nitrogen

(d) Carbon dioxide

**118.** Which one of the following is a chemical change ?

(a) Cutting of hair

(b) Graying of hair naturally

(c) Swelling of resin in water

(d) Cutting of fruit

**119.** Which one among the following chemicals is used as washing soda ?

(a) Calcium carbonate

(b) Calcium bicarbonate

(c) Sodium carbonate

(d) Sodium bicarbonate

**120.** Why is potassium permanganate used for purifying drinking water ?

(a) It kills germs

(b) It dissolves the impurities

(c) It is a reducing agent

(d) It is an oxidizing agent

**121.** Consider the following movements :

1. Moplah Rebellion
2. Bardoli Satyagraha
3. Champaran Satyagraha
4. Salt Satyagraha

Which one of the following is the correct chronological order of the above in ascending order ?

(a) 1-3-4-2

(b) 3-1-2-4

(c) 2-3-1-4

(d) 4-2-1-3

**122.** Which one of the following travelogues has given an insight on the reign of Muhammad Bin Tughlaq ?

(a) Ibn Battuta's *Rihla*

(b) Francois Bernier's *Travels in the Mogul Empire*

(c) Niccolao Manucci's *Storia do Mogor*

(d) Tavernier's *Travels in India*

**123.** Which one of the following was ***not*** a Chishti Sufi saint ?

(a) Khwaja Moinuddin

(b) Baba Fariduddin Ganj-i-Shakar

(c) Nizamuddin Auliya

(d) Shaikh Bahauddin Zakariya

117. पृथ्वी के वायुमण्डल में प्रचुरता के सम्बन्ध में, निम्नलिखित में से कौन-सी गैस दूसरे स्थान पर आती है ?

(a) ऑक्सीजन

(b) हाइड्रोजन

(c) नाइट्रोजन

(d) कार्बन डाइऑक्साइड

118. निम्नलिखित में से कौन-सा एक रासायनिक परिवर्तन है ?

(a) बालों को काटना

(b) प्राकृतिक रूप से बाल सफ़ेद हो जाना

(c) जल में रेज़िन का फूलना

(d) फल को काटना

119. निम्नलिखित में से कौन-से रसायन का उपयोग धोने के सोडे के रूप में किया जाता है ?

(a) कैल्शियम कार्बोनेट

(b) कैल्शियम बाइकार्बोनेट

(c) सोडियम कार्बोनेट

(d) सोडियम बाइकार्बोनेट

120. पेयजल को शुद्ध करने के लिए पोटैशियम परमैंगनेट का उपयोग क्यों किया जाता है ?

(a) इससे रोगाणु मर जाते हैं

(b) यह अपद्रव्यों (अशुद्धताओं) को घोल लेता है

(c) यह एक अपचायक है

(d) यह एक ऑक्सीकारक है

121. निम्नलिखित आन्दोलनों पर विचार कीजिए :

1. मोपला विद्रोह
2. बारदोली सत्याग्रह
3. चम्पारण सत्याग्रह
4. नमक सत्याग्रह

उपर्युक्त का निम्नलिखित में से कौन-सा तैथिक क्रम आरोही क्रमानुसार सही है ?

(a) 1-3-4-2

(b) 3-1-2-4

(c) 2-3-1-4

(d) 4-2-1-3

122. निम्नलिखित में से कौन-सा यात्रावृत्त मुहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल के बारे में गहरी जानकारी प्रदान करता है ?

(a) इब्न बतूता का *रिहला*

(b) फ्राँस्वा बर्नियर का *ट्रेवल्स इन दि मुग़ल एम्पायर*

(c) निकोलाओ मानूच्ची का *स्टोरिया डो मोगोर*

(d) टेवर्नियर का *ट्रेवल्स इन इंडिया*

123. निम्नलिखित में से कौन चिश्ती सूफ़ी संत ***नहीं*** था ?

(a) ख्वाज़ा मोइनुद्दीन

(b) बाबा फरीदुद्दीन गंज-ए-शकर

(c) निज़ामुद्दीन औलिया

(d) शेख बहाउद्दीन ज़कारिया

**124.** In April 2017, India celebrated 100 years of Mahatma Gandhi's

(a) Satyagraha in Kheda

(b) Dandi March

(c) Satyagraha in Champaran

(d) Return from South Africa

**125.** A rainbow is produced due to which one of the following phenomena ?

(a) Dispersion of light

(b) Interference of light

(c) Diffraction of light

(d) Scattering of light by atmospheric dust

**126.** Bats detect obstacles in their path by receiving the reflected

(a) Infrasonic waves

(b) Ultrasonic waves

(c) Radio waves

(d) Microwaves

**127.** The statement that 'heat cannot flow by itself from a body at a lower temperature to a body at a higher temperature', is known as

(a) Zeroth law of thermodynamics

(b) First law of thermodynamics

(c) Second law of thermodynamics

(d) Third law of thermodynamics

**128.** Which one of the following waves does ***not*** belong to the category of the other three ?

(a) X-rays

(b) Microwaves

(c) Radio waves

(d) Sound waves

**129.** Which one of the following statements is ***not*** correct ?

(a) Human eye is a refracting system containing a diverging lens.

(b) The retina of the human eye contains millions of light sensitive cells, called *rods* and *cone*s, which convert the light into electrical messages.

(c) Every image that is focused on the retina is upside down.

(d) We need both eyes to judge the relative positions of objects accurately.

**130.** Which one of the following statements is ***not*** correct ?

(a) Ultrasonic waves cannot get reflected, refracted or absorbed.

(b) Ultrasonic waves are used to detect the presence of defects like cracks, porosity, etc. in the internal structure of common structure materials.

(c) Ultrasonic waves can be used for making holes in very hard materials like diamond.

(d) Ultrasonic waves cannot travel through vacuum.

124. अप्रैल 2017 में, भारत ने महात्मा गाँधी से संबंधित किस घटना के 100 वर्ष पूरे होने का समारोह मनाया ?

(a) खेड़ा सत्याग्रह

(b) दांडी मार्च

(c) चम्पारण सत्याग्रह

(d) दक्षिण अफ्रीका से वापसी

125. निम्नलिखित में से किस घटना के कारण इन्द्रधनुष दिखाई देता है ?

(a) प्रकाश का परिक्षेपण

(b) प्रकाश का व्यतिकरण

(c) प्रकाश का विवर्तन

(d) वायुमंडलीय धूल के कारण प्रकाश का प्रकीर्णन

126. निम्नलिखित में से किसके परावर्तन को प्राप्त कर, चमगादड़ें अपने मार्ग में अवरोधकों की पहचान कर सकती हैं ?

(a) अवश्रव्य तरंगें

(b) पराश्रव्य तरंगें

(c) रेडियो तरंगें

(d) सूक्ष्म-तरंगें

127. 'निम्न ताप पर रखी किसी वस्तु से उच्च ताप पर रखी वस्तु की ओर ऊष्मा स्वत: प्रवाहित नहीं हो सकती,' यह कथन क्या कहलाता है ?

(a) ऊष्मागतिकी का शून्यकोटि नियम

(b) ऊष्मागतिकी का प्रथम नियम

(c) ऊष्मागतिकी का द्वितीय नियम

(d) ऊष्मागतिकी का तृतीय नियम

128. निम्नलिखित तरंगों में से कौन-सी एक अन्य तीन के वर्ग से सम्बन्धित ***नहीं*** है ?

(a) X-किरणें

(b) सूक्ष्म-तरंगें

(c) रेडियो तरंगें

(d) ध्वनि तरंगें

129. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) मानव नेत्र, अपसारी लेंस से युक्त एक अपवर्तन निकाय है ।

(b) मानव नेत्र के रेटिना में प्रकाश संवेदी लाखों कोशिकाएँ होती हैं, जिन्हें *शलाका (रोड)* और *शंकु (कोन)* कहते हैं, जो प्रकाश को वैद्युत संदेशों में परिवर्तित करती हैं ।

(c) रेटिना पर फोकसित होने वाला प्रत्येक प्रतिबिम्ब औंधा होता है ।

(d) वस्तुओं की सापेक्षित स्थितियों की सही परख करने के लिए हमें दोनों आँखों की आवश्यकता होती है ।

130. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) पराश्रव्य तरंगें परावर्तित, अपवर्तित या अवशोषित नहीं हो सकतीं ।

(b) पराश्रव्य तरंगों का उपयोग सामान्य संरचना द्रव्यों की आंतरिक संरचना में दरारों, सरंध्रता, आदि जैसे दोषों की उपस्थिति की पहचान में होता है ।

(c) हीरे जैसे अति कठोर द्रव्यों में छिद्र करने के लिए पराश्रव्य तरंगों का उपयोग किया जा सकता है ।

(d) पराश्रव्य तरंगें निर्वात में गति नहीं कर सकतीं ।

131. According to the Travel and Tourism Competitiveness Index (TTCI) 2017 released by the World Economic Forum, among the 136 economies across the world, India ranked

(a) 50$^{th}$

(b) 40$^{th}$

(c) 30$^{th}$

(d) 20$^{th}$

132. Which one of the following is the theme of the World Health Day, 2017 celebrated by the World Health Organization ?

(a) Diabetes

(b) Food Safety

(c) Depression : Let's Talk

(d) Ageing and Health

133. Which one of the following Ministries has launched a new programme on Interdisciplinary Cyber Physical Systems (ICPS) to foster and promote R&D ?

(a) Ministry of Earth Sciences

(b) Ministry of Science and Technology

(c) Ministry of Information and Broadcasting

(d) Ministry of New and Renewable Energy

134. Consider the following statements about the Nagara style of temple architecture :

1. This style of temples are commonly found in the areas between Himalayas and Vindhyas.

2. The most striking feature of this style is its pyramidal shikhara.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

135. Ashoka's connection with Buddhism is evident from which one of the following edicts ?

(a) Major Rock Edict 13

(b) Rock Edict 6

(c) Minor Rock Edict 1

(d) Pillar Edict 4

136. The Cabinet Mission Plan for India envisaged a

(a) Federation

(b) Confederation

(c) Unitary form of Government

(d) Union of States

131. विश्व आर्थिक मंच द्वारा जारी, यात्रा एवं पर्यटन प्रतियोगितात्मकता सूचकांक (TTCI) 2017 के अनुसार, विश्व की 136 अर्थव्यवस्थाओं में, भारत को कौन-सा स्थान मिला है ?

(a) 50वाँ

(b) 40वाँ

(c) 30वाँ

(d) 20वाँ

132. विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मनाए गए विश्व स्वास्थ्य दिवस, 2017 की विषय-वस्तु निम्नलिखित में से कौन-सी है ?

(a) मधुमेह

(b) खाद्य सुरक्षा

(c) अवसाद : आओ बात करें

(d) बढ़ती आयु तथा स्वास्थ्य

133. R&D के प्रोत्साहन तथा विकास (बढ़ावा देने) के लिए अंतर्विषयक साइबर भौतिक प्रणालियों (ICPS) पर एक नए कार्यक्रम का प्रारम्भ निम्नलिखित में से किस मंत्रालय द्वारा किया गया है ?

(a) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

(b) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

(c) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय

(d) नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

134. मंदिर स्थापत्य की नागर शैली के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इस शैली के मंदिर सामान्यत: हिमालय तथा विंध्य क्षेत्रों के बीच पाए जाते हैं ।

2. इस शैली का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण लक्षण इसका पिरामिडी शिखर है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

135. निम्नलिखित में से किस राजादेश से बौद्ध धर्म के साथ अशोक के संबंध प्रकट होते हैं ?

(a) प्रधान शिलालेख राजादेश 13

(b) शिलालेख राजादेश 6

(c) लघु शिलालेख राजादेश 1

(d) स्तम्भ राजादेश 4

136. कैबिनेट मिशन प्लान ने भारत के लिए निम्नलिखित में से किस पर विचार किया ?

(a) महासंघ

(b) परिसंघ

(c) एकात्मक शासन प्रणाली

(d) राज्यों का संघ

137. The creation of the institution of Lokpal was first recommended by

(a) Law Commission

(b) Santhanam Committee

(c) Shah Commission

(d) Administrative Reforms Commission

138. Which one of the following is a cause of acid rains ?

(a) Ozone

(b) Ammonia

(c) Sulphur dioxide

(d) Carbon monoxide

139. The desirable range of pH for drinking water is

(a) 6·5 to 8·5

(b) 5·0 to 6·5

(c) 6·5 to 7·0

(d) 7·0 to 8·5

140. Consider the following reaction :

$$CH_4 + 2O_2 \longrightarrow CO_2 + 2H_2O$$

Which of the following about the reaction given above is/are correct ?

1. Carbon is oxidized.

2. Hydrogen is oxidized.

3. Hydrogen is reduced.

4. Carbon is reduced.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 2 and 4 only

141. Sunrise in eastern Arunachal Pradesh would be about how many hours before the sunrise in western Gujarat ?

(a) One hour

(b) Two hours

(c) Three hours

(d) Four hours

137. लोकपाल संस्था के सृजन की अनुशंसा सर्वप्रथम किसके द्वारा की गई थी ?

(a) विधि आयोग

(b) संथानम समिति

(c) शाह आयोग

(d) प्रशासनिक सुधार आयोग

138. निम्नलिखित में से कौन अम्लीय वर्षा का कारक (कारण) बन जाता है ?

(a) ओज़ोन

(b) अमोनिया

(c) सल्फर डाइऑक्साइड

(d) कार्बन मोनोक्साइड

139. पेयजल के लिए pH की वांछनीय सीमा क्या है ?

(a) 6·5 से 8·5

(b) 5·0 से 6·5

(c) 6·5 से 7·0

(d) 7·0 से 8·5

140. निम्नलिखित अभिक्रिया पर विचार कीजिए :

$$CH_4 + 2O_2 \longrightarrow CO_2 + 2H_2O$$

उपर्युक्त अभिक्रिया के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. कार्बन का ऑक्सीकरण हुआ है ।

2. हाइड्रोजन का ऑक्सीकरण हुआ है ।

3. हाइड्रोजन का अपचयन हुआ है ।

4. कार्बन का अपचयन हुआ है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 2 और 4

141. पूर्वी अरुणाचल प्रदेश में सूर्योदय पश्चिमी गुजरात में सूर्योदय से लगभग कितने घंटे पहले होगा ?

(a) एक घंटा

(b) दो घंटे

(c) तीन घंटे

(d) चार घंटे

142. Consider the following States of India in terms of percentage of forest area in relation to the total area of the State :

1. Karnataka
2. Odisha
3. Kerala
4. Andhra Pradesh

Which one of the following is the correct descending order ?

(a) 1-2-4-3

(b) 3-1-2-4

(c) 3-2-1-4

(d) 2-3-1-4

143. Which one of the following States in India has the longest coastline ?

(a) Odisha

(b) Tamil Nadu

(c) Karnataka

(d) West Bengal

144. Which one of the following States in India has the largest area under forest cover ?

(a) Maharashtra

(b) Chhattisgarh

(c) Madhya Pradesh

(d) Andhra Pradesh

145. Which one of the following is ***not*** an igneous rock ?

(a) Gabbro

(b) Granite

(c) Dolomite

(d) Basalt

146. The Coriolis effect is the result of

(a) Pressure gradient

(b) Earth's axis of inclination

(c) Earth's rotation

(d) Earth's revolution

142. राज्य के कुल क्षेत्रफल के सापेक्ष वन क्षेत्र की प्रतिशतता के सम्बन्ध में, भारत के निम्नलिखित राज्यों पर विचार कीजिए :

1. कर्नाटक
2. ओडिशा
3. केरल
4. आँध्र प्रदेश

निम्नलिखित में से कौन-सा सही अवरोही क्रम है ?

(a) 1-2-4-3

(b) 3-1-2-4

(c) 3-2-1-4

(d) 2-3-1-4

143. भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में सबसे अधिक लम्बी तटरेखा है ?

(a) ओडिशा

(b) तमिल नाडु

(c) कर्नाटक

(d) पश्चिम बंगाल

144. भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य के सर्वाधिक क्षेत्र में वन आच्छादित हैं ?

(a) महाराष्ट्र

(b) छत्तीसगढ़

(c) मध्य प्रदेश

(d) आँध्र प्रदेश

145. निम्नलिखित में से कौन-सी आग्नेय शैल ***नहीं*** है ?

(a) गैब्रो

(b) ग्रेनाइट

(c) डोलोमाइट

(d) बेसाल्ट

146. कॉरिऑलिस प्रभाव किसका परिणाम है ?

(a) दाब प्रवणता का

(b) पृथ्वी के आनति अक्ष का

(c) पृथ्वी के घूर्णन का

(d) पृथ्वी के परिक्रमण का

**147.** Where is Mekong Delta located ?

(a) Thailand

(b) Cambodia

(c) Myanmar

(d) Vietnam

**148.** Which one of the following pairs of rivers and tributaries is ***not*** correctly matched ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Godavari | : | Indravati |
| (b) | Ganga | : | Penganga |
| (c) | Krishna | : | Bhima |
| (d) | Luni | : | Sukri |

**149.** Consider the following characteristics of a tropical cyclone :

1. A warm sea temperature of > 26°C
2. High relative humidity of atmosphere at a height of > 700 m
3. Atmospheric instability

The above mentioned characteristics are associated with which one of the following cycles of its development ?

(a) Formulation and initial stage

(b) Modification stage

(c) Full maturity

(d) Decay

**150.** In the Mesopotamian records, which one of the following terms was used for the Indus Valley (Harappans) ?

(a) Dilmun

(b) Meluha

(c) Magan

(d) Failaka

147. मेकाँग डेल्टा कहाँ स्थित है ?

(a) थाईलैंड

(b) कम्बोडिया

(c) म्याँमार

(d) वियतनाम

148. नदियों तथा सहायक नदियों का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) गोदावरी : इंद्रावती

(b) गंगा : पेनगंगा

(c) कृष्णा : भीमा

(d) लूनी : सुकरी

149. उष्णकटिबंधीय चक्रवात की निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिए :

1. > 26°C का एक उष्ण समुद्र तापमान

2. > 700 m की ऊँचाई पर वायुमंडल की उच्च आपेक्षिक आर्द्रता

3. वायुमंडलीय अस्थिरता

उपर्युक्त वर्णित विशेषताएँ, निम्नलिखित में से इसके विकास के किस चक्र से संबंधित हैं ?

(a) संरूपण तथा प्रारम्भिक अवस्था

(b) रूपांतरण अवस्था

(c) पूर्ण परिपक्वता

(d) अपक्षय

150. सिंधु घाटी (हड़प्पा) के लिए मेसोपोटामियाई रिकॉर्डों में, निम्नलिखित में से किस शब्द का प्रयोग किया गया था ?

(a) दिलमून

(b) मेलुहा

(c) मेगन

(d) फैलका

## SPACE FOR ROUGH WORK

कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

कच्चे काम के लिए जगह

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

**टी.बी.सी. : ADU-F-LXT**

**परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

# परीक्षण पुस्तिका

# सामान्य योग्यता परीक्षण

**A**

*समय : दो घण्टे और तीस मिनट*

*पूर्णांक : 600*

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हों। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम (सीरीज कोड) A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **150** प्रश्नांश (प्रश्न) दो भागों में दिए गए हैं : **भाग – A** और **भाग – B**। ***भाग – B में प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपा है।*** प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.